No. of Printed Pages : 8

**CFN-3**

# CERTIFICATE PROGRAMME IN FOOD AND NUTRITION (CFN)

05801

## Term-End Examination

## June, 2018

## CFN-3 : ECONOMICS OF FOOD

*Time : 3 hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Question no. 1 is **compulsory**. Answer **five** questions in all. All questions carry equal marks.*

1. (a) Explain the following in 6 – 8 lines each : *5×3=15*

   (i) TPDS

   (ii) Total Cost of Procurement

   (iii) National Scheme on Welfare of Fishermen

   (iv) Food Fortification

   (v) AGMARK

   (b) "Ignorance of consumers is responsible for their exploitation." Explain in what ways will educating the consumer help. *5*

2. (a) What are the different sources from which you can obtain food ? List at least two foods you can get from each of these sources. 5

(b) Name some voluntary consumer organisations in India. What work do they mainly do ? 5

(c) What is Pisciculture ? Why has it gained importance in India ? 5

(d) What is the importance of grading food ? On what basis are fruits and vegetables graded ? 5

3. (a) Describe in detail the guidelines one should follow for starting one's own kitchen garden. 10

(b) Describe the several government schemes for the development of fisheries sector in India. 10

4. (a) What do you understand by the term food adulteration ? Explain in detail how adulteration is done in different food commodities and the dangers posed by the adulterants. 2+8

(b) What are the different government programs for cattle development ? What infrastructure has the government developed to increase the productivity of milch animals ? 4+6

5. (a) What are the different resources needed for agriculture ? 7

(b) What are the advantages of consuming fish ? What are the different products obtained from fish ? 8

(c) What is the role of animal husbandry in Indian agriculture ? 5

6. (a) What is the role of subsidy in the agricultural sector ? What are the different agricultural inputs for which subsidies are given by the Government ? 10

(b) List the Central and State Government agencies which are actively involved in poultry development programs. Which institutions are involved in organising training programs on poultry farming ? Briefly write about their work. 2+8

7. (a) What are the different types of agricultural extension programs operational in India ? 7

(b) What do you understand by the term Minimum Support Price of food gains ? 6

(c) Discuss what will happen if the distribution of food items is not controlled by the Government and is entirely left to the traders. 7

8. Write short notes on any ***four*** of the following : *5+5+5+5*

(a) Supplementary Feeding under ICDS

(b) Consumer Protection Councils

(c) Food Spoilage

(d) Aquaculture

(e) Food Budget

सी.एफ.एन.-3

# भोजन और पोषण में प्रमाण-पत्र कार्यक्रम (सी.एफ.एन.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2018

## सी.एफ.एन.-3 : भोजन का आर्थिक पक्ष

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *प्रश्न सं. 1 अनिवार्य है । कुल* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. (क) निम्नलिखित प्रत्येक को 6 – 8 पंक्तियों में स्पष्ट कीजिए : *5×3=15*

   (i) टी.पी.डी.एस.

   (ii) प्राप्ति (Procurement) की कुल लागत

   (iii) मछुआरों के कल्याण संबंधी राष्ट्रीय योजना

   (iv) आहार फोर्टिफिकेशन

   (v) एग्मार्क

   (ख) "उपभोक्ताओं की अज्ञानता उनके शोषण के लिए उत्तरदायी होती है ।" उपभोक्ता को शिक्षित करना किस तरह सहायक होता है, स्पष्ट कीजिए । *5*

2. (क) वे विभिन्न स्रोत क्या हैं जिनसे आप खाद्य-पदार्थ प्राप्त कर सकते हैं ? इन प्रत्येक स्रोतों से प्राप्त होने वाले कम-से-कम दो-दो खाद्य-पदार्थों को सूचीबद्ध कीजिए । 5

(ख) भारत में कुछ स्वयंसेवी उपभोक्ता संगठनों के नाम बताइए । वे मुख्यत: क्या कार्य करते हैं ? 5

(ग) मछलीपालन क्या है ? भारत में इसे इतना महत्त्व क्यों प्राप्त है ? 5

(घ) खाद्य-पदार्थ का श्रेणीकरण करने का क्या महत्त्व है ? फलों व सब्ज़ियों को किस आधार पर श्रेणीबद्ध किया जाता है ? 5

3. (क) अपनी घरेलू वाटिका की शुरूआत करने के लिए जिन मार्गदर्शी निर्देशों का अनुसरण किया जाना चाहिए, उनका विस्तार में वर्णन कीजिए । 10

(ख) भारत में मछली उद्योग के विकास के लिए जो विभिन्न सरकारी योजनाएँ हैं, उनका वर्णन कीजिए । 10

4. (क) खाद्य अपमिश्रण से आप क्या समझते हैं ? विभिन्न खाद्य पदार्थों में मिलावट कैसे की जाती है और ये मिलावटी पदार्थ किस प्रकार हानिकारक व ख़तरनाक हो सकते हैं, विस्तार में व्याख्या कीजिए । 2+8

(ख) पशु विकास के लिए कौन-से विभिन्न सरकारी कार्यक्रम हैं ? दूध देने वाले पशुओं की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा विकसित बुनियादी संरचना क्या है ? 4+6

5. (क) कृषि के लिए ज़रूरी विभिन्न संसाधन क्या हैं ? 7

(ख) मछली खाने के क्या लाभ हैं ? मछली से प्राप्त होने वाले विभिन्न उत्पाद कौन-कौन-से हैं ? 8

(ग) भारतीय कृषि में पशुपालन की क्या भूमिका है ? 5

6. (क) कृषि क्षेत्र में आर्थिक सहायता की क्या भूमिका है ? वे कौन-सी विभिन्न कृषि आगतें हैं जिनके लिए सरकार द्वारा आर्थिक सहायताएँ प्रदान की जाती हैं ? 10

(ख) मुर्गी पालन (पोल्ट्री) विकास कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से संलग्न केन्द्र और राज्य सरकार की एजेंसियों को सूचीबद्ध कीजिए । वे कौन-से संस्थान हैं जो मुर्गी पालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने में सम्मिलित हैं ? उनके कार्य के बारे में संक्षेप में लिखिए । 2+8

7. (क) भारत में चल रहे विभिन्न प्रकार के कृषि विस्तार कार्यक्रम क्या हैं ? 7

(ख) खाद्यान्नों के न्यूनतम समर्थन मूल्य से आप क्या समझते हैं ? 6

(ग) यदि सरकार खाद्य पदार्थों के वितरण में अपना नियंत्रण न रखकर उसे पूरी तरह व्यापारियों के हाथों में दे देती है, तो इसका क्या परिणाम होगा ? चर्चा कीजिए । 7

8. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : *5+5+5+5*

(क) आई.सी.डी.एस. के अंतर्गत पूरक आहार

(ख) उपभोक्ता संरक्षण परिषदें

(ग) खाद्य-पदार्थ का ख़राब होना

(घ) जलकृषि

(ङ) भोजन का बजट